भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1117

सोमवार, 29 जुलाई, 2024 / 7 श्रावण, 1946 (शक)

ईएसआई अस्पताल के लिए स्वीकृति

1117. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश राज्य में नेल्लोर जिले के श्री सिटी में 3 वर्ष से अधिक समय पहले एक नया 100 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल स्वीकृत किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) उक्त अस्पताल में शुरू होने वाले विभाग का नाम क्या है;

(घ) क्या यह भी सच है कि कार्य अपेक्षा के अनुरूप नहीं चल रहा है;

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) इसके कब तक पूरा होने की संभावना है ?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (च): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने 05.03.2019 को जिला नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) के श्री सिटी में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

इस ईएसआई अस्पताल की योजना ईएसआई लाभार्थियों को प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक देखभाल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाई गई थी, जिसमें निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वास सेवाएं आदि शामिल थीं।

राज्य सरकार से उपयुक्त भूमि न मिलने के कारण अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

*****